# अंतरराष्ट्रीय साहित्योत्सव 'उन्मेष' भोपाल में तीन से

नई दिल्ली (एसएनबी)। एशिया के सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का आयोजन भोपाल में तीन से छह अगस्त तक किया जाएगा। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। इसमें 75 से अधिक कार्यक्रमों में करीब सौ भाषाओं के 575 से अधिक लेखक सहभागिता करेंगे। इस बात की जानकारी साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को दी।

**राष्ट्रपति करेंगी समारोह का उद्घाटन**

**75 कार्यक्रमों में शामिल होंगे 575 से अधिक लेखक**

उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित हो रहे इस उत्सव को साहित्य अकादमी, केंद्र सरकार एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं। साहित्य उत्सव में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन, तेलंगाना की राज्यपाल तामिलिसाई सौंदराराजन, भारत में फिजी के राजदूत कमलेश शशि प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', भाजपा के पूर्व सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित शामिल होंगे।